Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



कक्षा - 11

व्यवसाय अध्ययन

व्यवसाय के आधार – 1

अध्याय-5
व्यवसाय की उभरती पद्धतियाँ

भाग – 3

ई-व्यवसाय के लाभ

रूचिका सैनी

Under CSR Support by ipca | Foundation

विवरण (Overview)

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



1. ई-व्यवसाय
2. ई-व्यवसाय का कार्यक्षेत्र
3. ई-व्यवसाय के लाभ
4. ई-व्यवसाय की सीमाएँ
5. पारंपरिक व्यवसाय एवं ई-व्यवसाय में अंतर
6. ई-व्यवसाय प्रक्रिया
7. ई-लेनदेनों की सुरक्षा एवं बचाव

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

ई-व्यवसाय के लाभ



1. निर्माण में आसानी एवं निम्न निवेश आवश्यकताएँ
2. सुविधापूर्ण
3. गति
4. वैश्विक पहुँच/प्रवेश
5. कागज़रहित समाज की ओर संचालन

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



I निर्माण में आसानी एवं निम्न निवेश आवश्यकताएँ

- एक उद्योग की स्थापना के लिए प्रक्रियागत् आवश्यकताओं के विपरीत ई-व्यवसाय को प्रारंभ करना आसान है।
- इंटरनेट तकनीक का लाभ छोटे अथवा बड़े व्यवसायों को समान रूप से पहुँचाता है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



- यहाँ तक कि इंटरनेट इस लोकप्रिय उक्ति के लिए भी उत्तरदायी है कि नेटवर्क से बंधे व्यक्ति एवं फर्में, नेटवर्थ (पूँजी) व्यक्तियों से ज़्यादा कुशल होते हैं।
- इसका अर्थ यह है कि यदि आपके पास निवेश (पूँजी) के लिए कुछ अधिक नहीं है परंतु संपर्क सूत्र (नेटवर्क) है तो आप बहुत अच्छा व्यवसाय कर सकते हैं।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



- एक ऐसे होटल की कल्पना कीजिए जिसमें किसी भौतिक स्थान की आवश्यकता नहीं है।
- हाँ, आपकी एक ऑनलाइन व्यंजन सूची हो सकती है जोकि संसार भर के उन होटलों के सर्वोत्तम पकवान प्रस्तुत करती है जिनसे आप नेटवर्क द्वारा जुड़े हों। ग्राहक आपकी वेबसाइट में जाकर व्यंजन सूची निश्चित करके क्रयादेश देते हैं जोकि आपसे होते हुए उस होटल तक पहुँच जाता है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



- जो उस ग्राहक के नज़दीक स्थित होता है।

भोजन की सुपुर्दगी हो जाती है और भुगतान की प्राप्ति होटल कर्मचारी द्वारा कर ली जाती है और आपको ग्राहक प्रदानकर्ता के रूप में देय राशि किसी इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन प्रणाली के द्वारा आपके खाते में जमा कर दी जाती है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



II सुविधापूर्ण

- इंटरनेट 24 घंटे × सप्ताह के 7 दिन × वर्ष के 365 दिन व्यवसाय की सुविधा प्रस्तुत करता है।
- इस तरह की लोच संगठन के कर्मचारियों को भी उपलब्ध होती है जिसके द्वारा वह जब चाहे और जहाँ चाहे अपने कार्य कर सकते हैं।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

☛ ई-व्यवसाय सही मायनों में इलेक्ट्रॉनिकी द्वारा समर्थित एवं संबंधित व्यवसाय है जो किसी भी वस्तु की किसी भी समय और कहीं भी सुलभता के लाभ प्रस्तावित करता है।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



III गति

- क्रय एवं विक्रय में बहुत-सी सूचनाओं का विनिमय शामिल होता है।
- इंटरनेट द्वारा सिर्फ 'माउस' के क्लिक भर करने से हो जाती है।
- यह सुविधा सूचना उत्पादों, जैसे-सॉफ़्टवेयर, फ़िल्मों, ई-पुस्तकों एवं पत्रिकाओं जिनकी ऑनलाइन सुपुर्दगी की जा सकती है, के संदर्भ में अधिक आकर्षक हो जाती है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



समय चक्र, अर्थात् माँग की उत्पत्ति से इसकी पूर्ति तक के चक्र को पूरा होने में लगे समय में, व्यवसाय प्रक्रियाओं के अनुक्रमिक से समानांतर अथवा सहकालिक रूपांतरण होने पर अभूतपूर्व कमी हो जाती है।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



IV वैश्विक पहुँच / प्रवेश

- इंटरनेट सही अर्थों में सीमाविहीन है। एक तरफ यह विक्रेता को बाज़ार की वैश्विक पहुँच प्रदान करता है तो दूसरी तरफ यह क्रेता को संसार के किसी भी हिस्से से उत्पाद चयन करने की स्वतंत्रता वहन करता है।
- इंटरनेट की अनुपस्थिति में वैश्वीकरण का कार्यक्षेत्र एवं गति काफी हद तक प्रतिबंधित हो जाएगी।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



V कागज़रहित समाज की ओर संचलन

- इंटरनेट के प्रयोग ने काफी हद तक कागज़ी कार्यवाही और परिचर 'लालफीताशाही' पर निर्भरता को कम कर दिया है।
- मारुति उद्योग बहुत बड़ी मात्रा में अपने कच्चे माल और कलपुर्जों की पूर्ति का स्त्रोतीकरण बिना किसी कागज़ी कार्यवाही के करता है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



- सरकारी विभाग एवं नियामक प्राधिकरण भी इस दिशा में तेज़ी से संचलन कर रहे हैं जिसके अंतर्गत वह विवरणियों एवं प्रतिवेदनों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से फ़ाइल करने की अनुमति प्रदान करते हैं।
- ई-कॉमर्स उन प्रशासनिक सुधारों को भी प्रभावित कर रहे हैं जिनका उद्देश्य अनुमति, अनुमोदन और लाइसेंस प्रदान करने की प्रक्रिया को गति प्रदान करना है।


Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

कानूनी मान्यता

इस संदर्भ में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के प्रावधान उल्लेखनीय है।





ई-व्यवसाय के लाभ



1 ई-व्यवसाय के लाभ है।

- अ सुविधापूर्ण
- ब गति
- स वैश्विक पहुँच
- द उपर्युक्त सभी (द)



2 यदि निवेश नहीं है परंतु मजबूत संपर्क सूत्र है तो व्यवसाय किया जा सकता है–

अ व्यवसाय

ब ई-व्यवसाय (ब)

स फुटकर व्यवसाय

द थोक व्यवसाय



3 किस व्यवसाय में स्थापना की प्रक्रियाएँ सरल है?

अ संयुक्त पूँजी कंपनी

ब ई-व्यवसाय (ब)

स व्यवसाय

द इनमें से कोई नहीं